कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 07.12.2022

// रिपोर्ट //

गर्ल्स कॉलेज में

संभाग स्तरीय नैक मूल्यांकन कार्यशाला

गुणवत्ता के लिए मिशन मोड पर कार्य करें डॉ. तिवारी

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में संभागस्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित के गई। जिसमें दुर्ग संभाग के सभी जिलों के प्राचार्य तथा आई. क्यू. ए. सी. समन्वयक शामिल हए। नैक मूल्यांकित शासकीय महाविद्यालयों के लिए ए.क्यू.ए.आर. (एनुअल क्वालीटी एश्योरेंस रिर्पोट) के लिए कार्यशाला आयोजित की गयी थी।

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी नें कहा कि छत्तीसगढ़ में नैक मूल्यांकन के लिए विगत वर्षा से मिशन मोड पर अभियान चलाया गया है और 160 शासकीय महाविद्यालय मूल्यांकित हो चुके है। दुर्ग संभाग के 90 प्रतिशत महाविद्यालय भी नैक द्वारा मूल्यांकित हो चुके है शेष महाविद्यालय प्रक्रिया में है।

डॉ. तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय में गुणवत्ता के लिए मिशन मोड पर कार्य करना होगा तभी स्थायी रूप से संस्था का विकास एवं उन्नयन होगा।

उच्च शिक्षा विभाग के ओएसडी डॉ. जी.ए. घनश्याम ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने संबोधन में नैक मूल्यांकन के विभिन्न चरणबद्ध कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए कहा कि नैक द्वारा लगातार मूल्यांकन प्रक्रिया में संशोधन एवं नवाचार किया जा रहा है जिससे सभी महाविद्यालयों की आई.क्यू.ए.सी. को अपडेट रहने की आवश्यकता है। उन्होंने वार्षिक रिपोर्ट को आगामी मूल्यांकन के लिए अहम बताते हुए कार्यशाला में सभी विशेषज्ञों के बताये गए महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर गंभीरता से कार्य करने को कहा?

कार्यशाला के तकनीकी सत्र में विषय–विशेषज्ञ के रूप में डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, डॉ. सपना शर्मा सारस्वत, डॉ. शिखा श्रीवास्तव, डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. अनिता साहा, डॉ. यासमीन परवेज ने नैक मूल्यांकन के सभी 7 काइटेरियों पर बड़े ही सारगर्मित ढंग से व्याख्यान दिया तथा वार्षिक रिपोर्ट की तैयारियों पर प्रशिक्षण दिया।

तकनीकी सत्र के बाद प्रश्नोउत्तर सत्र में मी महाविद्यालयो से आये प्राचार्य एवं आई. क्यू.ए.सी. समन्वयको ने प्रश्न पूछकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

इस सत्र में शास. विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग से प्राचार्य डॉ. आर.एन.सिंह, डॉ. जगजीत कौर सलूजा, डॉ. अनुपमा अस्थाना ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिये तथा मार्गदर्शन किया।

आदर्श महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री विकास पंचाक्षरी ने नैक मूल्यांकन में आई.क्यू.ए.सी. की भूमिका पर चर्चा की।

कार्यशाला के अंतिम सत्र में अतिथियों एवं विषय–विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. यासमीन फातिमा परवेज ने किया।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

संभाग स्तरीय नैक मूल्यांकन कार्यशाला

गुणवत्ता के लिए मिशन मोड पर कार्य करें डॉ. तिवारी